सागर प्रवेश संवाद
चुप न रहें संवाद करें
डिजीटल मीडिया पार्टनर
बुन्देली halchal.com
#Digital Edition
www.bundelihalchal.com
सागर, सोमवार, 05 जनवरी 2026

# मिट्टी चोर

## शासकीय पशु प्रजनन प्रक्षेत्र से चोरी की जा रही मुरम

### प्रबंधक को धमकाया, कर्मचारी से मारपीट, मोतीनगर पुलिस ने तीन आरोपी को किया गिरफ्तार



प्रवेश संवाद सागर
9926459376

मोतीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रतौना स्थित शासकीय गोकुल ग्राम पशु प्रजनन प्रक्षेत्र में अवैध मिट्टी उत्खनन करने वाले मुरम माफियाओं का आतंक सामने आया है। यहां अधिकारी और कर्मचारी लंबे समय से भय के माहौल में काम करने को मजबूर हैं। बीते 1 जनवरी को गांव के ही दबंग कपिल पराशर अपने दो साथियों के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर बिना अनुमति शासकीय परिसर में घुसा और अवैध रूप से मिट्टी उत्खनन करने लगा। कर्मचारियों द्वारा इसका विरोध किए जाने पर आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

घटना के बाद प्रक्षेत्र प्रबंधन ने मामले की शिकायत मोतीनगर थाना पुलिस से की। प्रबंधक राकेश कुमार गौतम ने बताया कि पशु प्रजनन प्रक्षेत्र का रेलवे ट्रैक की ओर लगभग 200 एकड़ क्षेत्र बिना फेंसिंग के है। इसी कारण लंबे समय से इस इलाके में अवैध मिट्टी उत्खनन की समस्या बनी हुई है। इस संबंध में पहले भी खनिज विभाग और पुलिस प्रशासन को शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था पर्याप्त न होने के कारण माफियाओं के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि केंद्र में वर्तमान में लगभग 4 कर्मचारी और 24 श्रमिक कार्यरत हैं, जो प्रक्षेत्र परिसर में ही निवास करते हैं। सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम न होने के चलते कर्मचारियों और श्रमिकों में हमेशा डर बना रहता है। कई बार अवैध उत्खनन करने वाले लोग धमकी देकर चले जाते हैं, जिससे शासकीय कार्य प्रभावित होता है। कर्मचारियों ने जिला प्रशासन से प्रक्षेत्र में स्थायी सुरक्षा व्यवस्था और फेंसिंग कराने की मांग की है।

इस पूरे मामले में थाना मोतीनगर अंतर्गत शासकीय कार्य में बाधा डालने एवं शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के साथ मारपीट करने का अपराध दर्ज किया गया। जानकारी के अनुसार दिनांक 1 जनवरी को फरियादी राजकिशोर दुबे, निवासी बजरंग नगर जिला छतरपुर, हाल पदस्थ लेखापाल, शासकीय गोकुल ग्राम पशु प्रजनन प्रक्षेत्र ग्राम रतौना द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि ड्यूटी के दौरान कपिल पराशर एवं उसके दो साथी बिना अनुमति शासकीय परिसर से मिट्टी खोद रहे थे। मना करने पर आरोपियों ने न केवल गाली-गलौच की, बल्कि शासकीय कर्मचारियों के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी, जिससे शासकीय कार्य बाधित हुआ।

मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में मोतीनगर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। शनिवार को पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में कपिल पराशर, गोपाल सिंह एवं कहर लोधी, तीनों निवासी ग्राम रतौना शामिल हैं। पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी कपिल पराशर आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है, जिसके विरुद्ध पूर्व में भी आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। गिरफ्तार तीनों आरोपियों को शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस का कहना है कि अवैध उत्खनन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, कर्मचारियों ने उम्मीद जताई है कि इस कार्रवाई के बाद प्रक्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी और मुरम माफियाओं पर प्रभावी अंकुश लगेगा।

**गेहूंरास चौराहे पर चक्काजाम : परिजन ने लगाया हत्या का आरोप; पुलिस ने डॉक्टर की पैनल से कराया पोस्टमार्टम**

# ग्राम कंदेला के जंगल में पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

**प्रवेश संवाद सागर**



सागर में जैसीनगर थाना क्षेत्र के ग्राम कंदेला के जंगल में युवक (20) का शव पेड़ पर फंदे से झूलता मिला है। ग्रामीणों ने शव देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। मामले में मृतक के परिजन ने गांव के ही कुछ लोगों पर युवक की हत्या करने का आरोप लगाया है। जैसीनगर पुलिस ने रविवार को डॉक्टर की पैनल से शव का पोस्टमार्टम कराया है। मामला दर्ज कर पुलिस मौत के कारणों की जांच कर रही है।



जानकारी के अनुसार, ग्राम कंदेला के पास लगे जंगल में शनिवार को युवक का शव पेड़ पर फंदे से लटका हुआ मिला। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। मृतक की पहचान छोटेलाल पिता धनीराम अहिरवार उम्र 20 साल निवासी कंदेला के रूप में हुई। घटनाक्रम की सूचना मिलते ही परिवार के लोगों की भीड़ जमा हो गई। परिजन शनिवार शाम जैसीनगर के गेहूंरास चौराहे पर लेकर पहुंचे और चक्काजाम कर दिया। उन्होंने छोटेलाल की हत्या किए जाने का आरोप लगाया। परिजन ने आरोप लगाते हुए कहा कि 19 दिसंबर को गांव का लड़का परिवार की बेटी को भगाकर ले गया था। मामले की शिकायत थाने में की थी। लेकिन बेटी अब तक नहीं मिली थी। इसी मामले को लेकर परिवार को धमकियां मिल रही थीं। इसी बीच छोटेलाल का शव जंगल में मिला है। उन्होंने आरोप लगाया है कि गांव के ही कुछ लोगों ने बेटी की हत्या कर फंदे पर लटकाया है। मामले में पुलिस ने समझाइश के बाद परिजन को शांत कराया।

**मामला दर्ज कर सभी बिंदुओं पर जांच कर रहे :** रविवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। जैसीनगर थाना प्रभारी शशिकांत गुर्जर ने बताया कि युवक का शव मिला है। मामला दर्ज कर जांच में लिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। परिवार द्वारा लगाए गए आरोपों समेत सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

## बर्फीली हवाओं से ठिठुरा शहर, घना कोहरा

**प्रवेश संवाद सागर.** उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं ने सागर में कड़ाके की ठंड का अहसास करा दिया है। मौसम के अचानक बदलने से दिन और रात के तापमान में भारी गिरावट आई है। दिन का तापमान 22 डिग्री, जबकि रात का पारा लुढ़ककर 10 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। रविवार सुबह शहर और ग्रामीण इलाकों में मध्यम कोहरा छाया रहा। दोपहर में धूप तो निकली, लेकिन सर्द हवाओं के कारण वह बेअसर रही। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिन तक मौसम ऐसा ही बना रहेगा और तापमान में गिरावट जारी रहेगी। वहीं ठंड का असर सेहत पर भी दिखने लगा है। जिला अस्पताल और बीएमसी में सर्दी, खांसी और बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ गई है।

## खाद-बीज की दुकान में बोरियों के बीच छिपा था कोबरा, रेस्क्यू किया

- कृषि उपज मंडी में स्नेक कैचर ने सांप को पकड़ा

**प्रवेश संवाद सागर**



सागर के खुरई रोड स्थित कृषि उपज मंडी की एक खाद-बीज दुकान में शनिवार को कोबरा सांप निकलने से हड़कंप मच गया। करीब 5 फीट लंबा यह जहरीला सांप दुकान में रखी बोरियों के बीच छिपा बैठा था। सांप को देखते ही वहां मौजूद किसान और मजदूर डरकर बोरियों की थप्पी पर चढ़ गए। सूचना मिलने पर स्नेक कैचर बबलू पवार ने मौके पर पहुंचकर सांप का रेस्क्यू किया। शनिवार को मंडी स्थित राघव एंटरप्राइजेज दुकान पर जब किसान पहुंचे, तो उनकी नजर सांप पर पड़ी। सांप बोरियों के बीच कुंडली मारकर बैठा था। इसे देखते ही वहां अफरा-तफरी मच गई। डर के मारे आसपास मौजूद किसान और हमाल (मजदूर) बोरियों के ऊपर चढ़ गए। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना स्नेक कैचर को दी। सूचना मिलते ही स्नेक कैचर बबलू पवार मंडी पहुंचे। उन्होंने देखा कि सांप बोरियों के बीच गहराई में छिपा हुआ है। कुछ देर की मशक्कत के बाद उन्होंने सांप को सुरक्षित पकड़ लिया। बबलू पवार ने बताया कि पकड़ा गया सांप कोबरा प्रजाति का है, जिसकी लंबाई करीब 5 फीट है। रेस्क्यू के बाद सांप को जंगल में छोड़ दिया जाएगा।

## बीना विधायक ने वॉटर फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया, पेयजल गुणवत्ता जांची; जल्द पाइप लाइन भी होगी चेक

- विधायक सप्रे ने पानी के फिजिकल टेस्ट कराने के निर्देश दिए

**प्रवेश संवाद बीना**



बीना नगर पालिका के कैथनी गांव स्थित वॉटर फिल्टर प्लांट का रविवार को विधायक निर्मला सप्रे ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तीन माह की टेस्ट रिपोर्टों का अवलोकन किया और पेयजल की फिजिकल, केमिकल एवं बायोलॉजिकल रिपोर्ट्स का विस्तार से अध्ययन किया। विधायक ने मौके पर ही जल का तत्काल फिजिकल टेस्ट कराने के निर्देश भी दिए।यह निरीक्षण इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई मौतों के बाद स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की सक्रियता का हिस्सा है। विधायक निर्मला सप्रे ने फिल्टर प्लांट की नियमित सफाई तिथि तय करने, मशीनों के निर्धारित अंतराल पर रखरखाव और फिल्टर की धुलाई की समय-सारणी बनाकर उसका सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए।उन्होंने कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया और अनुपस्थित पाए जाने पर कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विधायक ने प्लांट परिसर की साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण पर भी जोर दिया, साथ ही प्लांट की पुताई एवं आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र कराने को कहा।

विधायक निर्मला सप्रे ने बताया कि निरीक्षण की शुरुआत प्लांट से की गई है। आने वाले दिनों में नगरपालिका क्षेत्र की सभी पानी की टंकियों का निरीक्षण किया जाएगा और उनके पानी के नमूनों के फिजिकल, केमिकल एवं बायोलॉजिकल टेस्ट करवाए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि नगरपालिका की सभी पेयजल पाइपलाइन का निरीक्षण कराया जाएगा और उपभोक्ता के घर तक पहुंचने वाले पानी का परीक्षण होगा, ताकि रास्ते में पानी दूषित न हो। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान सीएमओ राहुल कौरव, राजेंद्र उपाध्याय, संतोष ठाकुर, सुरेंद्र ठाकुर, जयदीप शाक्यवार, विवेक ठाकुर, शशि कुशवाहा, आलेख राय, सतीश कुर्मी, पंचम विश्वकर्मा, सिद्धार्थ राजपूत और प्रदीप तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## कपड़ा व्यापारी संघ ने स्थायी मार्केट निर्माण कराने की मांग की, ज्ञापन



**प्रवेश संवाद सागर.** महापौर संगीता सुशील तिवारी को तिब्बती गर्म कपड़ा व्यापारी संघ ने ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि उनके लिए स्थायी तिब्बती मार्केट का निर्माण किया जाए। ज्ञापन में लेख किया गया है कि तिब्बती भाई-बहन जो लगभग 47 वर्षों से चार माह तक सागर में गर्म कपड़ा व्यापार करने प्रतिवर्ष आ रहे हैं. भारत सरकार की नीति अनुसार इन्हें स्थायी तिब्बती मार्केट निर्माण कराके उपलब्ध कराने हेतु दिनांक 10 दिसम्बर 2025 को परम पावन दलाईलामा को नोबेल पुरस्कार मिलने की खुशी में आयोजित समारोह में आश्वासन दिया था कि एमआईसी की बैठक में इस पर शीघ्र निर्णय लिया जाकर तिब्बतियों को स्थायी मार्केट निर्माण कराया जाएगा ताकि वे शान्ति, सहिष्णुता के साथ निर्वाध रूप से ठण्ड में गरम कपड़ों का व्यवसाय कर सकें। महापौर ने तिब्बती गर्म कपड़ा व्यापारी संघ को आश्वस्त किया कि उनके व्यापार करने हेतु स्थायी मार्केट के लिए जो भी आवश्यक कार्यवाई होगी नगर निगम द्वारा की जाएगी।

## नेशनल हाईवे-44 साईखेड़ा पर हादसा
# कोहरे में अनियंत्रित बोलेरो पुलिया से नीचे गिरी





**प्रवेश संवाद सागर**

घने कोहरे के चलते नेशनल हाईवे-44 पर सड़क हादसों का सिलसिला जारी है। शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात करीब 1:15 बजे साईखेड़ा के पास एक बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे गिर गया। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रुसल्ला गांव निवासी नीलेश तिवारी अपने भाई राजीव तिवारी के साथ सुरखी से अपने गांव रुसल्ला जा रहे थे। इसी दौरान साईखेड़ा के समीप उनकी नई बोलेरो कार (क्रमांक एमपी 15 जेडएन 8028) अचानक अनियंत्रित हो गई और पुलिया से नीचे जा गिरी। घटना की सूचना मिलते ही रात करीब 1:30 बजे हाईवे पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची। पेट्रोलिंग टीम में आरपीओ लालू चौधरी, चालक भानु प्रताप एवं हेल्पर रोहित जाटव शामिल थे। टीम ने तत्परता दिखाते हुए वाहन में सवार दोनों लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। गनीमत रही कि हादसे में दोनों पूरी तरह सुरक्षित रहे। इसके बाद क्रेन की मदद से बोलेरो वाहन को पुलिया के नीचे से बाहर निकाला गया। बताया जा रहा है कि घना कोहरा होने के कारण दृश्यता कम थी, जिससे यह हादसा हुआ। प्रशासन ने वाहन चालकों से कोहरे के दौरान सावधानी पूर्वक वाहन चलाने की अपील की है।

## बीना के दो घरों में लाखों के नकदी-जेवर चोरी, पुलिस की जांच जारी

**प्रवेश संवाद बीना**





बीना शहर के गांधी वार्ड में 100 मीटर की दूरी पर स्थित दो घरों में चोरी की घटनाएं सामने आई हैं। चोरी की रकम और कीमती जेवरात लाखों में हैं। इन घटनाओं से इलाके में सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं।

**हजारों की नकदी और लाखों के जेवरात ले गए :** पहली घटना ब्रजेंद्र यादव के घर हुई। वे परिवार सहित होशंगाबाद गए हुए थे। चोरों ने रात में मकान का ताला तोड़कर घर से करीब 50 हजार रुपए नकद, आधा किलो चांदी और लगभग 3 लाख रुपए मूल्य के सोने के जेवरात चुरा लिए। चोरी की सूचना रविवार सुबह पड़ोसियों ने दी।

**3 लाख के सोने के जेवर ले गए :** दूसरी वारदात राजकुमार अहिरवार के घर में हुई। राजकुमार अपने बच्चों के साथ ससुराल गए हुए थे, जबकि उनकी मां गुड्डी बाई और पिता घर पर थे। रात में चोरों ने घर में सेंध लगाई और लगभग 3 लाख रुपए मूल्य के सोने के जेवरात चोरी कर फरार हो गए। स्थानीय नागरिक पुलिस से जल्द चोरों की गिरफ्तारी और सुरक्षा बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

**मुख्यमंत्री के स्वागत की तैयारी:** खुरई विस क्षेत्र के ग्राम जरवांस, मुकारमपुर, कठेली, बरोदिया नोनगर, सागर नाका होते हुए ग्राम शब्दा से निकाली रथ सभा

# 'नशा युवाओं की शक्ति, आत्मविश्वास और सोचने की क्षमता को नष्ट करता है'

**प्रवेश संवाद ▪ खुरई**



युवा भाजपा नेता अविराज सिंह ने कहा कि 10 जनवरी को खुरई नगर में माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगमन होने जा रहा है। इस अवसर पर उनका भव्य स्वागत करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री जी के स्वागत हेतु आयोजित रथ सभा खुरई विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जरवांस, मुकारमपुर, कठेली, बरोदिया नोनगर, सागर नाका होते हुए ग्राम शब्दा से निकाली गई। अविराज सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम के दौरान विकास कार्यों का लोकार्पण भी प्रस्तावित है। इसी उद्देश्य से एक नई पहल की शुरुआत की गई है, जिसके तहत एक व्हाट्सएप नंबर 9893439855 जारी किया गया है। इस नंबर पर खुरई विधानसभा क्षेत्र के नागरिक अपने सुझाव भेज सकते हैं कि क्षेत्र में किन-किन विकास कार्यों की आवश्यकता है और किन कमियों को दूर किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्राप्त सुझावों के आधार पर मुख्यमंत्री जी से आग्रह किया जाएगा कि खुरई विधानसभा के विकास को और अधिक गति दी जाए। युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि खुरई विधानसभा क्षेत्र देश में विकास के मामलों में अग्रणी स्थान पर है, लेकिन इसके बावजूद अभी भी कई कार्य शेष हैं। उन्होंने कहा कि पार्कों का विकास, स्कूलों का सुदृढ़ीकरण, नालियों एवं सड़कों का निर्माण, कई मंदिरों का जीर्णोद्धार तथा बीना नदी का जल विधानसभा क्षेत्र के सभी हिस्सों तक पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है। इसके साथ ही शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाना, चिकित्सालयों में पर्याप्त दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा नए उद्योगों की स्थापना कर युवाओं को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आज से 10 से 12 वर्ष पूर्व खुरई विधानसभा क्षेत्र की स्थिति क्या थी और आज हम कितनी प्रगति कर चुके हैं, यह सभी जानते हैं। उन्होंने कहा कि विश्व की किसी भी समस्या का समाधान विकास है। जब विकास होता है तो रोजगार बढ़ता है, सम्मान बढ़ता है और समृद्धि आती है। विकास का लाभ समाज के प्रत्येक नागरिक को मिलता है। इसलिए हमें अपने विधानसभा क्षेत्र को विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ाते रहना है। अविराज सिंह ने कहा कि जब से देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है, तब से विकास कार्यों को नई दिशा मिली है। लाड़ली बहना योजना ने मातृशक्ति को आत्मनिर्भर बनाया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से करोड़ों परिवारों को आवास उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि मुफ्त शौचालय निर्माण, 80 करोड़ परिवारों को मुफ्त राशन, आयुष्मान भारत योजना के तहत करोड़ों लोगों को मुफ्त उपचार, जल जीवन मिशन और उज्ज्वला योजना जैसी योजनाओं ने देश को सशक्त बनाया है। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट के अनुसार भाजपा सरकार के 11 वर्षों में 27 करोड़ से अधिक भारतीय अत्यधिक गरीबी से बाहर निकल चुके हैं। यह आंकड़े देश की प्रगति को दर्शाते हैं। उन्होंने जीएसटी 2.0 का उल्लेख करते हुए कहा कि टैक्स स्लैब में किए गए सुधारों से व्यापार और उद्योग को मजबूती मिली है। प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत 65 करोड़ से अधिक खाते खोले गए हैं, जिनमें से 65 प्रतिशत खाताधारक महिलाएं हैं, जो महिला सशक्तिकरण का उदाहरण है। अविराज सिंह ने कहा कि अयोध्या में श्रीराम लला के भव्य मंदिर का निर्माण भी ऐतिहासिक कार्य है, जिसके दर्शन आज देश-विदेश से लोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का संकल्प "विकास भी और विरासत भी" है। देश की संस्कृति को संरक्षित रखते हुए राष्ट्र को आगे बढ़ाना ही हमारा उद्देश्य है। उन्होंने रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास, किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति "सेवा ही परम धर्म" सिखाती है। सेवा करने से समाज और राष्ट्र मजबूत होता है। भारत वह भूमि है जहां देवता भी जन्म लेने को तरसते हैं। हमें अधिक से अधिक सेवा कार्यों से जुड़ना चाहिए। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के संदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि मनुष्य को प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर आगे बढ़ना चाहिए। अविराज सिंह ने कहा कि देश के 60 प्रतिशत से अधिक युवा 21 वर्ष से कम आयु में नशे की चपेट में आ रहे हैं। नशा युवाओं की शक्ति, आत्मविश्वास और सोचने की क्षमता को नष्ट कर देता है। यह समाज को नैतिक रूप से कमजोर करता है और अपराध को जन्म देता है। उन्होंने सभी युवाओं से नशामुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में श्रीमती नन्ही बाई अहिरवार न.प. अध्यक्ष, राहुल प्रसाद चौधरी, जमना प्रसाद अहिरवा, रविन्द्र सिंह राजपूत बरोदा, ओमप्रकाश सिंह ठाकुर विलैया, सुरेन्द्र सिंह ठाकुर सियाखेरी, राजनारायण कुर्मी आशोली, बृजभूषण कुशवाहा नरोदा, राजकुमारा सिंह राजपूत, मनोहर साहू खुरई, हरिशंकर कुशवाहा, राहुल चौधरी खुरई, प्रवीण जैन खुरई, जमना प्रसाद अहिरवार, रामशास्त्री शुक्ला खुरई, आलोक कुशवाहा खुरई, राज ठाकुर विलैया, यशराज ठाकुर मुहली आदि मौजूद थे।

**नववर्ष पर कुशवाह समाज का मिलन समारोह संपन्न**

## विधायक जैन ने समाज को एकता और संगठन का दिया संदेश



**प्रवेश संवाद ▪ सागर**

कुशवाह समाज सागर द्वारा नववर्ष के पावन अवसर पर मिलन समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय रोड स्थित झिरिया माता मंदिर प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सागर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक जैन ने कहा कि वही समाज आगे बढ़ता है जो एकता के सूत्र में बंधा होता है। समाज को सामाजिक समरसता के साथ संगठित होकर आगे बढ़ना चाहिए तथा जनहित से जुड़े कार्यों को अपना एजेंडा बनाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि समाज का लक्ष्य स्पष्ट और निश्चित होना चाहिए। समाज के मेधावी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए सहयोग प्रदान किया जाना चाहिए, जिससे समाज के होनहार छात्रों को आगे बढ़ने का अवसर मिल सके। उन्होंने जैन समाज के मेधावी विद्यार्थियों के संगठन जीटो (JITO) का उदाहरण देते हुए कुशवाह समाज से भी इसी प्रकार का संगठित मंच तैयार करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पंडित केशव गिरी गोस्वामी ने अपने उद्बोधन में कहा कि घर में रामराज्य अपने आप नहीं आता, बल्कि भगवान श्रीराम के आदर्शों और चरित्र को जीवन में उतारने से ही रामराज्य की स्थापना संभव है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति नित्य वृद्धजनों की सेवा करता है, उसे चार फल प्राप्त होते हैं—आयु में वृद्धि, बुद्धि की प्राप्ति, यश की वृद्धि और बल की प्राप्ति। भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने समाज को इस सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष हीरासिंह राजपूत ने समाज के हित में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन कुशवाह समाज के राष्ट्रीय महामंत्री एडवोकेट अर्जुन पटेल ने किया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन रघुवीर कुशवाहा, जयराम पटेल एवं डॉ लखन पटेल का सम्मान किया गया।

## शीत लहर: नर्सरी से कक्षा 8वीं तक के स्कूल लगने का समय बदला

**सागर.** सागर जिले में बढ़ती ठंड को लेकर स्कूलों के लगने के समय में बदलाव किया गया है। कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर आदेश जारी किए गए है। आदेश के मुताबिक जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश के मुताबिक तापमान में गिरावट होने से संस्थाओं में अध्ययनरत् छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए सागर जिले में संचालित समस्त शासकीय/अशासकीय / आई.सी.एस.ई./सी.बी.एस.ई./ अनुदान प्राप्त एवं अन्य मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा नर्सरी से कक्षा 8वीं तक की कक्षाएं प्रातः 9.30 बजे से पूर्व संचालित नही की जावें।

## नरयावली विधायक लारिया के नेतृत्व में सैकड़ों सदस्यों ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता

**प्रवेश संवाद ▪ सागर**



नरयावली विधायक इंजी.प्रदीप लारिया के नेतृत्व में मकरोनिया के वार्ड क्र.-15 के करीब 125 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। रविवार को सुरेन्द्र आहूजा की अगुवाई में रजाखेड़ी बजरिया स्थित विधायक कार्यालय में गाजे-बाजे के साथ पहुंचे सैकड़ों सदस्यों ने विधायक श्री लारिया के विकास कार्यों एवं बीजेपी सरकार की उपलब्धियों से प्रेरणा लेकर भाजपा का दामन थामा। विधायक श्री लारिया ने भाजपा परिवार में शामिल हुए नए सदस्यों का पुष्प माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। नए सदस्यों ने बिना भेदभाव के समाज सेवा करने तथा पार्टी के विधान को मानने के संकल्प को दोहराया और विधायक श्री लारिया के मार्फत भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर एकात्म मानववाद के सिद्धांत का समर्थन किया। इस अवसर पर विधायक श्री लारिया ने कहा कि भाजपा ने हर वर्ग के हित में महत्वाकांक्षी योजनाएं संचालित की है। भाजपा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के कारण बड़ी संख्या में नए सदस्यों ने संकल्प के साथ विकास के पथ पर चलने के लिए भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। इस अवसर बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी-कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति राज्य स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू

- कजलीवन मैदान में विधायक जैन ने किया टूर्नामेंट का उद्घाटन



**प्रवेश संवाद ▪ सागर**

पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति राज्य स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ रविवार को कजलीवन मैदान में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सागर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी एवं वरिष्ठ नेता पंडित रामावतार पांडे उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर विधिवत रूप से टूर्नामेंट का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने स्वयं फुटबॉल को किक मारकर मैच का आनंद लिया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला मून स्टार क्लब एवं सागर फ्लायर्स के बीच खेला गया, जिसमें खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि यह राज्य स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट लगातार 28वें वर्ष आयोजित किया जा रहा है। कजलीवन मैदान में दर्शकों की खचाखच उपस्थिति ने खिलाड़ियों में अतिरिक्त जोश और ऊर्जा भर दी, जिससे मैच का रोमांच और भी बढ़ गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ जी.एस. चौबे, जगन्नाथ गुरैया, आयोजन समिति के सचिव बलवंत राठौर, हरिओम केसरवानी, मनीष चौबे, आलोक केसरवानी, राहुल वैद्य, दीपक दुबे, रविन्द्र सिंह, संतोष राठौर, गौरव चौहान, शुभम जैन सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी दर्शक उपस्थित रहे।

मुद्रक एवं प्रकाशक- सुरेंद्र सिंह राजपूत (पृथ्वी) द्वारा जयश्री नारायण प्रिंटिंग प्रेस विठ्ठल भवन गुजराती बाजार सागर (म.प्र.) से मुद्रित, बैंक कॉलोनी, तिल्ली रोड सागर में प्रकाशित: मो. नं. 9926459376
स्थानीय संपादक- शुभम श्रीवास्तव: आर.एन.आई. नंबर: MPHIN/2013/48637, समाचार चयन के लिए पी. आर.पी. एक्ट के तहत जिम्मेदार न्यायिक क्षेत्र सागर (म.प्र.) रहेगा।

### मेला के अंतिम दिन मिट्टी से बने बर्तन, लकड़ी के खिलौने और पारंपरिक कपड़ों के स्टॉल पर लोगों की अपार भीड़ रही : कपिल मलैया

# स्वदेशी मेला का समापन : मेला में लगे सभी स्टॉल वालों का सम्मान एवं इस्कान मंदिर के अनुयायी द्वारा भजन संध्या का आयोजन हुआ

**प्रवेश संवाद सागर.**

पीटीसी मैदान में 13 दिवसीय स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन के माध्यम से आयोजित स्वदेशी मेला का रविवार को समापन हो गया। प्रांत मेला प्रमुख नितिन पटैरिया, जिला संयोजक सौरभ रांधेलिया, मीडिया प्रभारी अखिलेश समैया, सांस्कृतिक प्रभारी सुष्मिता ठाकुर ने बताया कि मेले के समापन पर मेला में लगे सभी स्टॉल वालों का सम्मान किया जाएगा, महिलाओं द्वारा स्वदेशी उत्पादों पर संवाद होगा। दमोह से आ रहे अंकित जैन 20x20 फीट में 4 मिनिट में रंगोली बनाएंगे। इसके अलावा वकील और पुलिस द्वारा बनाए गए बैंड, गायत्री परिवार द्वारा युवाओं को प्रेरित करने वाले भजन, यूटीडी के बच्चों की प्रस्तुति हुई एवं सभी स्कूलों के प्राचार्य का सम्मान, वार्ड सांस्कृतिक प्रतियोगिता के प्रतिभागियों का सम्मान, स्कान



मंदिर के अनुयायी द्वारा भजन संध्या का आयोजन हुआ। मेला में आज के कार्यक्रम के मुख्य वक्ता स्वदेशी जागरण मंच के क्षेत्र संगठक केशव दुबोलिया एवं प्रान्त सह संयोजक प्रो विकास सिंह अमरकंटक, मुख्य अतिथि प्रो. यशवंत ठाकुर वाइस चांसलर यूटीडी, अध्यक्ष प्रदीप लारिया विधायक नरयावली, विशिष्ट अतिथि अरविंद जैन जिला शिक्षा अधिकारी, वृंदावन अहिरवार नगर निगम अध्यक्ष, मिहीलाल अहिरवार मकरोनिया नगर पालिका अध्यक्ष, प्रभुदयाल पटेल प्रदेश मंत्री भाजपा, मेला आयोजक स्वदेशी जागरण मंच के महाकौशल प्रांत संयोजक कपिल मलैया, मेला संयोजिका दीप्ति चंदेरिया मंच पर उपस्थित रहीं। स्वदेशी जागरण मंच मध्य क्षेत्र संगठक केशव दुबोलिया ने बताया कि स्वदेशी मेला के माध्यम से लोगों के अंदर स्वदेशी और देशभक्ति की भावना जागृत होती है जिसके कारण कुटीर उद्योगों का व्यापार बढ़ने लगा है। स्वदेशी जागरण मंच के महाकौशल प्रांत संयोजक कपिल मलैया ने कहा कि मेले में सागर जिले के स्थानीय कारीगरों को विशेष रूप से बढ़ावा दिया गया। मिट्टी से बनी मूर्तियां, लकड़ी के खिलौने और पारंपरिक कपड़ों के स्टॉल पर लोगों की भीड़ देखी गई। साथ ही युवा उद्यमियों ने भी अपने स्टार्टअप और स्वदेशी उत्पादों को प्रदर्शित किया। मेले की अपार सफलता पर उन्होंने समस्त अतिथियों और शहरवासियों का आभार माना। स्वदेशी जागरण मंच के विभाग विचार प्रमुख राजकुमार नामदेव, विभाग प्रशिक्षक रविन्द्र ठाकुर ने बताया कि अंततः स्वदेशी मेला ने न केवल ग्रामीण कारीगरों और उद्योगों को अपनी कला व कौशल प्रदर्शित करने का मौका दिया, बल्कि इसे देखने आए हजारों लोगों को भी भारत की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं की झलक दिखाई। मेला व्यवस्थापक विनय मलैया, सुनीता अरिहंत ने कहा स्वदेशी मेला जैसे आयोजन न केवल भारत की समृद्ध संस्कृति को जीवित रखते हैं, बल्कि आत्मनिर्भरता की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम हैं। मेला में राजेश मनवानी, रामकृष्ण मिश्रा, प्रशांत जैन पायल, अतुल अग्रवाल, सिद्धार्थ शुक्ला, एनी गोस्वामी, सुनंदा तिवारी, आदित्य बड़ोन्या आदि उपस्थित थीं।

## डॉक्टर्स की मैदान पर धमाकेदार जंग: सनराइजर्स मेडिक्स ने जीता आईएमए क्रिकेट प्रीमियर लीग 2026 का खिताब

**प्रवेश संवाद सागर.**

सागर, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) सागर ने नए साल की शुरुआत धमाकेदार अंदाज में की। आईएमए द्वारा आयोजित वार्षिक क्रिकेट प्रीमियर लीग में शहर के चिकित्सकों ने स्टेथोस्कोप को कुछ समय के लिए एक तरफ रखकर बैट और बॉल थाम ली और मैदान पर जमकर धमाल मचाया। इस रोमांचक टूर्नामेंट में कुल आठ शानदार टीमें उतरीं, जिनके नाम सुनते ही जोश आ जाता है। सनराइजर्स मेडिक्स, चैतन्य टाइटंस, बाहुबली, व्हाइट कोट वॉरियर्स, एवेंजर्स, धुरंधर, गुमक्कड़



डीएच डेयरडेविल्स। फाइनल मुकाबले में सनराइजर्स मेडिक्स और डीएच डेयरडेविल्स के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। शानदार प्रदर्शन के दम पर सनराइजर्स मेडिक्स ने ट्रॉफी पर कब्जा जमाया, जबकि डीएच डेयरडेविल्स को रनर-अप रहकर संतोष करना पड़ा।इन मैचों की विशेषता ये रही की हार टीम में एक महिला खिलाड़ी होना ज़रूरी था और उसके द्वारा एक ओवर बैटिंग और एक ओवर बॉलिंग अनिवार्य था . इससे महिला आईएमए मेंबर्स की सहभागिता काफ़ी अहम हो रही. समापन समारोह में आईएमए सागर के अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद ने सभी खिलाड़ियों और दर्शकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, “हम डॉक्टर दूसरों की सेहत सुधारने में अपना पूरा जीवन लगा देते हैं, लंबे-लंबे घंटे अस्पताल में बिताते हैं, लेकिन अक्सर अपनी सेहत और व्यायाम की अनदेखी कर बैठते हैं। ऐसे आयोजन हमें याद दिलाते हैं कि नियमित व्यायाम और संतुलित आहार हमारे लिए भी उतना ही जरूरी है जितना हम अपने मरीजों को सलाह देते हैं।” उन्होंने रविवार 18 जनवरी 2026 को होने वाले मैराथन के लिए सभी सागर वासियों को www.imasagar.com पर फ्री रजिस्टर कर के प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए उत्साहित करने का संदेश भी दिया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में चिकित्सक उपस्थित रहे और सभी ने मैदान पर डॉक्टरों की फिटनेस, टीमवर्क और जोश की भरपूर सराहना की। आईएमए सागर ऐसे खेल आयोजनों के माध्यम से न केवल डॉक्टरों के बीच भाईचारा बढ़ाता है, बल्कि उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित करता है।

## द्वारिका गार्डन कॉलोनी में नववर्ष मिलन समारोह संपन्न

**प्रवेश संवाद सागर.**

तिली वार्ड स्थित द्वारिका गार्डन कॉलोनी विकास समिति द्वारा नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में सागर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर विधायक जैन ने कॉलोनी के सभी परिवारजनों से आत्मीय एवं अनौपचारिक चर्चा कर उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन आपसी मेलजोल, सौहार्द और सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं। कॉलोनी स्तर पर होने वाले कार्यक्रम न केवल आपसी संवाद को बढ़ावा देते हैं, बल्कि स्थानीय समस्याओं के समाधान और सामूहिक



विकास के लिए भी सकारात्मक वातावरण तैयार करते हैं। कार्यक्रम के दौरान कॉलोनीवासियों ने अपनी समस्याएं एवं सुझाव विधायक जैन के समक्ष रखे, जिन्हें यथासंभव निराकरण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विधायक जैन ने कॉलोनीवासियों के साथ मिलकर पौधारोपण भी किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में सुखदेव मिश्रा, मनोज सोनी, संदीप श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में कॉलोनी निवासी मौजूद थे।

## जिलें में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमायें तोड़नें की घटनाओं से युवा कांग्रेस आक्रोशित

- अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर दी उग्र आन्दोलन की चेतावनी

**प्रवेश संवाद सागर.**

सागर जिलें में संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमाएं तोड़ने की लगातार घटित हो रही घटनाओं से आक्रोशित युवा कांग्रेसियों ने सागर जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष संदीप चौधरी एवं युवा कांग्रेस खुरई विधान सभा के अध्यक्ष अमन लोधी की अगवाई में बस स्टैण्ड मालथौन से पैदल मार्च कर जमकर आक्रोश व्यक्त करतें हुये



अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।युवा कांग्रेसियों ने अनुविभागीय अधिकारी को सौंपे ज्ञापन में कहा कि सागर जिलें के विभिन्न क्षेत्रों में संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमाओं को तोड़नें की घटनाएँ लगातार घटित हो रही हैं जिन्हें रोकनें में पुलिस व प्रशासन पूरी तरह नाकाम साबित हुआ है जिसका स्पष्ट प्रमाण हैं कि विगत 27 - 28 दिसम्बर की दरमियानी रात जिलें के मालथौन विकास खंड के ग्राम मड़ैया माफी में संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा तोड़ने की घटना घटित हुई है साथ ही दिनाँक 04 अक्टूबर को खुरई विधानसभा क्षेत्र के नगर परिषद बांदरी में बाबा साहेब की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त ( हाथ की उंगली तोड़नें ) करने की घटना घटित हुई हैं और यह कोई पहली घटना नहीं है इस के पूर्व में भी बांदरी के इसी स्थान पर ही बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करनें की घटना को अन्जाम दिया जा चुका हैं इसके साथ ही दिनांक 25 सितम्बर को जिलें की सुरखी विधानसभा के थाना जैसीनगर अन्तर्गत ग्राम करहद में डॉ.अम्बेडकर साहब की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करनें की घटना हुई हैं तथा दिनांक 17 अगस्त को सानौधा थाना क्षेत्र के गिरवर स्टेशन के पास रगोली कालोनी के पास स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा के पंजे को तोड़नें की घटना कारित कर लगातार बाबा साहब डॉ अंबेडकर की प्रतिमाओं को क्षतिग्रस्त करने की घटनाएं घटित की जा रही है। ज्ञापन सौंपते हुये कहा कि बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं को तोड़ने की घटनाएँ न केवल कानून-व्यवस्था की दृष्टि से गंभीर हैं,बल्कि समाज में शांति, सौहार्द एवं आपसी भाईचारे को भी ठेस पहुँचाने वाली हैं,बाबा साहब डॉ.अंबेडकर जो कि भारतीय संविधान के निर्माता हैं और उनकी प्रतिमाओं को क्षति पहुँचाना करोड़ों नागरिकों की भावनाओं को आहत करता है यहि नही डॉ.अम्बेडकर साहब की प्रतिमा स्थलों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था एवं निगरानी के अभाव और अपराधियों पर ठोस कार्यवाही न होने के चलते इस प्रकार की घटनाएँ बार-बार घटित हो रही हैं,जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण व निन्दनीय हैं। ज्ञापन में मांग की गई कि बाबा साहेब डॉ.अम्बेडकर की प्रतिमाओं को क्षतिग्रस्त करनें की घटनाओं की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कठोर कार्यवाही की जावें। इस दौरान ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता इंद्र भूषण तिवारी,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र सिंह लोधी,प्रान सिंह लोधी,मुकेश लोधी, सुनील अहिरवार, हरविंद्र सिंह लोधी, रघुनाथ लोधी, राजू अहिरवार,अजब सिंह आदि मौजूद रहे।

### जलापूर्ति व्यवस्था, पाइप लाइन रिसाव,पेयजल गुणवत्ता व शिकायतों को निपटाने बना निगम में कंट्रोल रूम

# कुओं एवं हैंडपंप के पानी की गुणवत्ता जांच शुरू, निगमायुक्त खत्री ने लिखवाया- 'इस कुएं का पानी पीने योग्य नहीं'

**प्रवेश संवाद सागर.**

इंदौर दूषित जल हादसे के बाद निगम प्रशासन अलर्ट मोड में है। पानी टंकियों की सफाई के बाद निगम प्रशासन ने एक कंट्रोल रूम बनाया है। इसके साथ शहर के कुओं और हैंडपंपो की जांच शुरू की है। नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने निगम क्षेत्र की जलापूर्ति प्रणाली की अनुरक्षण व्यवस्था, पाइपलाइन रिसाव पहचान, पेयजल गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं शिकायत निवारण तंत्र सुदृढ़ीकरण करने के साथ ही जलापूर्ति प्रणालियों का उचित अनुरक्षण, जल गुणवत्ता की सतत् निगरानी एवं पाइपलाइन रिसाव की समय पर पहचान करने व समय-सीमा में शिकायतों का निराकरण करने हेतु सामान्य प्रशासन शाखा में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है।

**ये रहे नम्बरः** निगमायुक्त ने मनोज अग्रवाल, कार्यालय अधीक्षक मोबाइल नंबर 8982592659 को नोडल अधिकारी एवं राहुल रैकवार, उपयंत्री मोबाइल नंबर 7583894208 को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कंट्रोल रूम सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक12 घंटे खुला रहेगा,जिसमें अतुल कुमार दुबे, स्थाईकर्मी प्रातः 08 बजे से दोपहर 2 बजे तक एवं अखलेश जैन, स्थाईकर्मी दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक उपस्थित रहेंगे।कंट्रोल रूम में नागरिकों की सुविधा एवं शिकायत के त्वरित निराकरण हेतु हेतु नोडल अधिकारी मनोज अग्रवाल, कार्यालय अधीक्षक मोबाइल नंबर 8982592659 एवं सहायक नोडल अधिकारी राहुल रैकवार,उपयंत्री मोबाइल नंबर 7583894208 पर शिकायत दर्ज करने हेतु संपर्क किया जा सकता हैं। नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने नगर निगम, टाटा प्रोजेक्ट लिमिटेड, सीवर प्रोजेक्ट एवं एम.पी. यू.डी.सी. के अधिकारियों को संयुक्त रूप से निर्देश दिए हैं कि नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत स्थित सभी कुओं एवं हैंडपंप के पानी की गुणवत्ता की अनिवार्य रूप से जांच कराई जाए। निगमायुक्त ने कहा कि जब तक कुओं एवं हैंडपंप के पानी की वैज्ञानिक तरीके से टेस्टिंग नहीं हो जाती, तब तक कुओं के पानी को पीने योग्य न माना जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, अतः किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।






उन्होंने बताया कि वर्तमान में टाटा प्रोजेक्ट लिमिटेड द्वारा राजघाट जलप्रदाय योजना के अंतर्गत प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। इस जल की नियमित गुणवत्ता जांच कराई जा रही है और मानक अनुरूप पाए जाने के उपरांत ही इसकी आपूर्ति की जा रही है। निगमायुक्त ने नागरिकों से अपील की है कि वे कुओं एवं हैंडपंप के पानी का उपयोग तब तक पेयजल के रूप में न करें जब तक उसकी गुणवत्ता जांच पूर्ण न हो जाए। उन्होंने नागरिकों से यह भी अनुरोध किया कि वे राजघाट जलप्रदाय योजना के अंतर्गत उपलब्ध कराए जा रहे शुद्ध जल का ही उपयोग पेयजल के रूप में करें। नगर निगम द्वारा सभी कुओं के पानी की गुणवत्ता की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आवश्यकतानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।




**भीतर बाजार का कुआं के पानी क्षारीयः** निगमायुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार नगर निगम क्षेत्र के कुओं एवं हैंडपंप के पानी की गुणवत्ता की जांच का कार्य प्रारंभ कर दिया गया, उन्होंने जवाहरगंज भीतर बाजार स्थित शीतला माता मंदिर के पास पहुंचकर समक्ष में पानी की गुणवत्ता की जांच करवाई जिसमें बड़ी मात्रा में अम्लीय गंदे पानी की मात्रा पाई गई। निगमायुक्त ने तत्काल लाल रंग से नागरिकों की जानकारी हेतु लिखवाया कि इस कुएं का जल पीने योग्य नहीं है इसलिए कोई भी व्यक्ति इसका उपयोग न करे ।

---

### डॉ. अम्बेडकर उत्कृष्टता केंद्र के तहत संचालित

## यूपीएससी और बैंकिंग की तैयारी के लिए प्रवेश परीक्षा संपन्न



**प्रवेश संवाद सागर.**


डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में स्थापित डॉ अम्बेडकर उत्कृष्टता केंद्र के तहत संचालित यूपीएससी और बैंकिंग की तैयारी हेतु कोचिंग के लिए प्रवेश परीक्षा रविवार को विश्वविद्यालय के महर्षि कणाद भवन में संपन्न हुई. शीघ्र ही परिणाम जारी कर प्रवेश हेतु काउंसलिंग कराई जाएगी. केंद्र की अध्यक्ष प्रो. चंदा बेन ने बताया कि भारत सरकार की योजना के तहत डॉ. अम्बेडकर फाउंडेशन द्वारा प्रदत्त वित्तीय मदद से विश्वविद्यालय में बैंकिंग और यूपीएससी की तैयारी हेतु कोचिंग संचालित की जाती है. इसके अंतर्गत पढ़ने वाले विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाती है. यह योजना अनुसूचित जाति, पिछडी जाति और पी एम केयर के विद्यार्थियों के लिए संचालित की जाती है. इसमें कुल सौ सीट हैं जिनमें से 74 सीट यूपीएससी और 36 सीट बैंकिंग की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए निर्धारित है.

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा बाल पथ संचालन एवं शारीरिक प्रकट' कार्यक्रम आयोजित

**प्रवेश संवाद सागर.**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आज सागर नगर में 'बाल पथ संचालन एवं शारीरिक प्रकट' कार्यक्रम का गौरवपूर्ण आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 7 से 14 वर्ष की आयु के कुल 153 बाल स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में हिस्सा लेकर अपनी अनुशासनबद्धता का परिचय दिया।

**शारीरिक कौशल का प्रदर्शनः** पद्माकर स्कूल में आयोजित इस कार्यक्रम में नन्हे स्वयंसेवकों ने सामूहिक समता, दंड संचालन और 'नियुद्ध' (निहत्थे युद्ध की कला) का शानदार प्रदर्शन किया। जिसे देखकर उपस्थित नागरिक मंत्रमुग्ध हो गए। इसके पश्चात पथ संचालन पद्माकर स्कूल से प्रारंभ होकर कटरा, तीन बत्ती और विजय टॉकीज चौराहा होते हुए पुनः विद्यालय प्रांगण में संपन्न हुआ। पूरे मार्ग में नगर वासियों ने पुष्प वर्षा कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।



**बौद्धिक उद्बोधनः** मुख्य अतिथि एडवोकेट अभिजीत केसरवानी (सचिव, आर्य कन्या विद्यालय समिति) ने छात्र जीवन में संस्कारों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ नैतिकता और राष्ट्रप्रेम ही श्रेष्ठ व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं।मुख्य वक्ता बिंदेश प्रजापति जी (जिला कार्यवाह, सागर) ने धर्म और राष्ट्र की रक्षा के लिए चार साहिबजादों के सर्वोच्च बलिदान का स्मरण कराया। उन्होंने बच्चों से आग्रह किया कि वे महापुरुषों के जीवन प्रसंगों को पढ़ें और उन्हें अपने आचरण में उतारें। उन्होंने जोर देते हुए कहा, "स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है, इसलिए शारीरिक शिक्षा हर बालक के लिए अनिवार्य है।"



---

## मध्यप्रदेश ट्रांसको के 400केवी बीना सब-स्टेशन पर सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

**प्रवेश संवाद सागर.**

मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम. पी. ट्रांसको) की जीरो एक्सीडेंट पॉलिसी के अंतर्गत सागर जिले के 400 केवी बीना सबस्टेशन पर सुरक्षा एवं सबस्टेशन संचालन से संबंधित एक व्यापक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला अधीक्षण अभियंता शेखर फटाले के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। प्रशिक्षण सत्र के दौरान शेखर फटाले ने सबस्टेशन मेंटेनेंस एवं आपरेशन कार्यों के दौरान अपनाई जाने वाली आवश्यक सुरक्षा प्रक्रियाओं को बिंदुवार रूप से समझाया। उन्होंने कार्यस्थल पर लापरवाही रोकने के महत्व पर विशेष जोर देते हुए दुर्घटनाओं से बचाव हेतु व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी, जिससे कार्मिकों एवं उपकरणों की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। साथ ही उन्होंने एम.पी. ट्रांसको की जीरो एक्सीडेंट पॉलिसी के अंतर्गत निर्धारित स्टेंडर्ड आपरेटिंग प्रोसीजर(एसओपी) एवं सेफ्टी प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करने पर बल दिया। कार्यशाला में कार्यपालन अभियंता अर्चित श्रीवास्तव, कैलाश कुमार कलासिया सहित सबस्टेशन के अन्य अभियंता, अधिकारी एवं तकनीकी स्टाफ ने सक्रिय सहभागिता की। प्रतिभागियों को सुरक्षित कार्य पद्धतियों, सुरक्षा उपकरणों के उपयोग तथा निर्बाध एवं सुरक्षित विद्युत पारेषण बनाए रखने हेतु समन्वित टीमवर्क के प्रति जागरूक किया गया।



# राष्ट्रीय स्तर चयन प्रतियोगिता में सागर जिले के 8 अवॉर्डी छात्रों ने इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सागर जिले का नाम किया रोशन







प्रवेश संवाद सागर.

विद्यार्थियों में नवाचार और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय स्तर की इंस्पायर अवार्ड मानक प्रतियोगिता राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड मानक प्रदर्शनी का आयोजन इंदौर में किया गया। इसमें प्रदेशभर से चयनित 270 विद्यार्थियों ने विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किए। सागर जिले से राज्य स्तर प्रतियोगिता के लिए चयनित इंस्पायर अवार्ड मॉडल 2023–24 के चार एवं 2024–25 के चार चयनित विज्ञान मॉडल में राष्ट्रीय स्तर की इंस्पायर अवार्ड मानक चयन प्रतियोगिता हेतु कृष्णा साहू जिला दल प्रभारी के नेतृत्व में इंदौर में सम्मिलित हुए। इनमें एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला चितौरा की छात्रा सोनिका कोरी मॉडल जहरीली कीड़े पकड़ने का मल्टीपरपज यंत्र मार्गदर्शी शिक्षक कृष्णा साहू के मार्गदर्शन में बनाया जिसकी जिला स्तर की प्रदर्शनी के अवसर परमंत्री गोविंद सिंह राजपूत विधायक शैलेंद्र जैन, जिला कलेक्टर संदीप जी आर ने प्रशंसा थी और राज्य स्तर पर भी भूरी भूरी प्रशंसा की गई।

अन्य मॉडल में शासकीय माध्यमिक शाला की कुसमी केसली साक्षी लोधी द्वारा बैग लेस योजना पर आधारित बस्ते का बोझ कम करने के लिए मल्टी फक्शन बैग, सचिन लोधी ने स्मार्ट रोड ट्रैफिक सेफ्टी सिस्टम रोड सेफ्टी एंड एक्सीडेंट प्रवेंशन मार्गदर्शी शिक्षक राजेश कुमार नेमा के मार्गदर्शन में प्रस्तुत किया।

संदीपनी उ मा वि गढ़ोला जागीर खुरई की अवॉर्डी छात्रा निर्ती लोधी ने एडजस्टमेंट टू द बेस आफ वॉटर टैंक मार्गदर्शी शिक्षक मनोज कोरी के मार्गदर्शन में प्रस्तुत किया। कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाहपुर की अवॉर्डी नेहा छात्रा अहिरवार ने फिंगरप्रिंट स्विच गैस स्टोव विद सेफ्टी शट मार्गदर्शी शिक्षक सुलेखा अहिरवार मार्गदर्शन में प्रस्तुत किया। शासकीय नेहरू हायर सेकेंडरी सानौधा की सौम्या जैन प्लकिंग डाइवस ऑफ लेमन एंड करौंदा मॉडल मार्गदर्शी शिक्षक रानू नेमा के मार्गदर्शन में प्रस्तुत किया। संदीपनी उमरी साबुलाल गढ़ाकोटा की ईशा पटेल ने मॉडल डिजिटल बैड मार्गदर्शी शिक्षक रत्नेश कुमार सोनी के मार्गदर्शन में प्रस्तुत किया। केतन मिश्रा दिल्ली पब्लिक स्कूल मकरोनिया डेमोंसट्रेशन ऑफ वेस्ट उटेंशन और सर्कुलेशन इलेक्ट्रॉनिक एंड प्लास्टिक बेस्ट सोलर डिवाइस डस्टर की प्रस्तुति की। राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सभी अवॉर्डी छात्रों एवं मार्गदर्शी शिक्षकों को दिल्ली से इंस्पायर अवार्ड के प्रोजेक्ट एसोटिसिट्रव मिस्टर अनंत गुप्ता, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सागर एस पी विशेन, जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन , जिला विज्ञान अधिकारी आर के अग्निहोत्रि, प्राचार्य चितौरा आर के गुप्ता शुभकामनाएं प्रेषित कर मनोबल बढ़ाया।

## भाजपा प्रदेश महामंत्री, सागर संभाग प्रभारी रणदिवे आज सागर प्रवास पर

- संभागीय कार्यालय में जिले की सभी विधानसभाओं की संगठनात्मक बैठकों को करेंगे संबोधित



प्रवेश संवाद सागर.

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं सागर संभाग प्रभारी गौरव रणदिवे एक दिवसीय सागर प्रवास पर रहेंगे। जिसकी तैयारियों को लेकर जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए एवं विभिन्न तैयारियों हेतु कार्यकर्ताओं जिम्मेदारी सौंपी। प्रदेश महामंत्री एवं सागर संभाग प्रभारी गौरव रणदिवे आज 5 जनवरी को सागर जिले के प्रवास के दौरान धर्म स्थित संभागीय भाजपा कार्यालय में आयोजित सागर जिले की सभी विधानसभाओं की बैठकों को संबोधित करेंगे।

भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सागर संभाग प्रभारी गौरव रणदिवे 5 जनवरी सोमवार को प्रातः11.00 बजे सागर,प्रातः11.30 बजे नरयावली दोपहर12.00बजे सुरखी दोपहर 12.30 बजे बीना दोपहर 01.00 बजे खुरई विधानसभा की संगठनात्मक बैठक को संबोधित करेंगे। तत्पश्चात दोपहर 02.00 बजे से सांगठनात्मक सागर ग्रामीण जिले की रहली, दोपहर 02.30 देवरी एवं दोपहर 03 बजे बंडा विधानसभा की संगठनात्मक बैठक को सम्बोधित करेंगे। संभागीय कार्यालय मंत्री डॉ. वीरेंद्र पाठक ने सभी अपेक्षित पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ताओं से समय के पूर्व कार्यालय पहुंचने का आग्रह किया हैं।

## जंगली सियार के हमले से खेत में काम कर रहे दो युवक जख्मी

प्रवेश संवाद देवरीकलां. महाराजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खकरिया में खेत में काम कर रहे दो युवकों पर जंगली सियार ने अचानक हमला कर दिया। इस घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विश्राम ठाकुर पिता मोकम ठाकुर एवं मनीष कुर्मी (उम्र लगभग 40 वर्ष), निवासी ग्राम खकरिया, अपने खेत में कार्य कर रहे थे। इसी दौरान अचानक जंगल की ओर से आए जंगली सियार ने उन पर हमला कर दिया। सियार ने विश्राम ठाकुर के दोनों हाथों को अपने जबड़ों में दबोच लिया, जिससे उनके हाथों में गंभीर चोटें आईं। वहीं मनीष कुर्मी की गर्दन पर भी सियार ने हमला कर दिया। घटना के बाद ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल देवरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद मनीष कुर्मी की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला चिकित्सालय सागर रेफर किया गया। घटना के बाद से क्षेत्र के ग्रामीणों में भय का माहौल है और वन विभाग से सियार की पकड़ एवं क्षेत्र में सुरक्षा के इंतजाम की मांग की जा रही है।

## जवाहर गंज वार्ड में चोरियों को लेकर व्यापारी आज एसपी को देंगे ज्ञापन

प्रवेश संवाद सागर.



जवाहर गंज वार्ड में लगातार हो रही चोरियों से व्यापारियों में भय का माहौल है।लोगों ने अब पुलिस नहीं प्राइवेट गार्ड रखने की तैयारी की है।व्यापारी संघ से विकास केसरवानी ने बताया कि विगत दिनों 30 दिसंबर 2025 की रात्रि में गल्ला की दुकान पर शटर के दोनों ताला तोड़कर चोरी की गई थी जब व्यापारी ने 31 दिसंबर की सुबह रोज की तरह दुकान खोलने आया तो देखा शटर आदि खुली हुई थी व्यापारी द्वारा सामान चेक किया गया तो पेटी में रखें 22000 नगद एवं 8 से 10 दाल की बोरी और एक काले रंग का बेग ले गए जिसकी रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज कराई गई। बीजेपी नेता मुकेश साहू ने बताया कि चोरों द्वारा चोरी करने का नया तरीका अपनाया गया भीतर बाजार में लगी डीपी से 9 फेस के कनेक्शन काट कर पूरे भीतर बाजार की लाइट गुल हुई जिससे अनेकों स्थान पर लगे कैमरे बंद हो गए और चोरों द्वारा किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के इरादे से आए हुए थे । पार्षद डब्बू साहू ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों से बात करके जवाहर गंज वार्ड में रात्रि पुलिस गस्त बढ़ाने की मांग रखेंगे

कांग्रेस नेता विजय साहू ने बताया कि 5 जनवरी दिन सोमवार को समस्त भीतर बाजार के व्यापारी दोपहर 1:00 बजे एकत्रित होकर जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सोपकर शीघ्र ही चोरों को गिरफ्तार करने की मांग रखेंगे।व्यापारी राजू केसरवानी संजय चंदेरिया मनीष नायक ने बताया कि प्राइवेट गार्ड लगाकर पूरे भीतर बाजार की रात्रि 10:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक सुरक्षा करेंगे जिनका भुगतान सभी व्यापारी मिलकर करेंगे।

बैठक में बड़ी संख्या में व्यापारी सम्मिलित हुए। इनमें राकेश केसरवानी अखिलेश केसरवानी प्रशांत केसरवानी अभिषेक साहू राजा केसरवानी विशाल केसरवानी सूरज गुप्ता रजत केसरवानी शुभम केसरवानी संतोष केसरवानी रोशन केसरवानी राहुल जैन आदि जैन गणेश गुप्ता शैलू गुप्ता मुक्कू गुप्ता लकी केसरवानी इंद्र गुप्ता सहित व्यापारी सम्मिलित हुए।

## परीक्षा की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक आज, 10वीं-12वीं के परिणाम सुधार पर रहेगा फोकस

प्रवेश संवाद सागर.



कलेक्टर संदीप जी आर की अध्यक्षता में 5 जनवरी 2026 को प्रातः 11 बजे रवीन्द्र भवन, सागर में परीक्षा की तैयारी के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक में जिले के समस्त शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं हाईस्कूल के प्राचार्य उपस्थित रहेंगे। बैठक में वर्तमान शैक्षणिक सत्र में परीक्षा परिणामों में वृद्धि हेतु किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही विगत वर्ष 2025 के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विषयवार एवं शिक्षकवार परीक्षाफल की जानकारी पर चर्चा होगी। इसके अतिरिक्त परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के पंजीयन की स्थिति की समीक्षा की जाएगी। निःशुल्क साइकिल वितरण 2025 अंतर्गत विद्यार्थियों को साइकिल वितरण एवं चेसिस नंबर की प्रविष्टि की समीक्षा की जाएगी।

एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर असफल बैंक खातों, मैपिंग, प्रोफाइल अपडेट एवं स्वीकृति की स्थिति की समीक्षा की जाएगी। कक्षा 9वीं एवं 11वीं की स्थानीय वार्षिक परीक्षा की तैयारी की पूर्व समीक्षा, विमर्श पोर्टल पर एमआईएस एवं शिक्षक प्रविष्टि, तथा एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर इंफ्रास्ट्रक्चर प्रविष्टि की भी समीक्षा की जाएगी। बैठक में सीडब्ल्यूएसएन विद्यार्थियों की जानकारी,DigiGov Portal में 40 प्रतिशत से कम व्यय की समीक्षा, पीएमश्री विद्यालयों में व्यय एवं प्रबंध पोर्टल पर प्रविष्टि, आत्मरक्षा प्रशिक्षण की स्थिति पर भी चर्चा होगी। इसके साथ ही जिले की वार्षिक कार्य योजना 2026-27 हेतु आवश्यक तैयारियों पर विमर्श किया जाएगा। IGOT कर्मयोगी ऐप पर लिए गए प्रशिक्षणों की जानकारी एवं प्राप्त प्रमाण पत्रों की संख्या जैसे विषयों की भी समीक्षा की जाएगी।

## 6 वर्ष के भौतिक सिंह को अंतरराष्ट्रीय शतरंज रेटिंग मिली, 15 देशों के खिलाड़ी हुए शामिल

प्रवेश संवाद सागर.



सागर जिले के 6 वर्षीय प्रतिभाशाली शतरंज खिलाड़ी भौतिक सिंह जाट ने इतनी कम उम्र में वह उपलब्धि हासिल की है, जो बड़े-बड़े खिलाड़ियों का सपना होती है। भौतिक ने क्लासिकल शतरंज में 1420 फाइड रेटिंग तथा रैपिड शतरंज में 1451 फाइड रेटिंग प्राप्त कर जिले, प्रदेश और देश का नाम गौरवान्वित किया है। भौतिक ने मदुरै (तमिलनाडु) में आयोजित 7 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट में सहभागिता की, जिसमें लगभग 2500 खिलाड़ियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता A, B, C एवं D चार श्रेणियों में आयोजित हुई, जिसमें 15 से अधिक देशों के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इतनी छोटी उम्र में इस स्तर की प्रतियोगिता में खेलना अपने आप में असाधारण उपलब्धि है। यह सफलता जिला शतरंज संघ, सागर के सचिव नितिन चौरसिया जी के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है, जो जिले के गांव-गांव और शहर-शहर में शतरंज को बढ़ावा देने हेतु निरंतर कार्य कर रहे हैं तथा खिलाड़ियों को निःशुल्क मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। भौतिक वर्तमान में स्वदेश चेस अकादमी से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जहाँ उन्हें कोच योगेश सर एवं राजा सर से उच्च स्तरीय और अनुशासित प्रशिक्षण मिल रहा है। वे वात्सल्य स्कूल, सागर के छात्र हैं। इस सफलता के पीछे उनके माता-पिता संदीप सिंह जाट एवं रचना जाट का विशेष योगदान रहा है, जिन्होंने हर कदम पर भौतिक का उत्साह बढ़ाया। उनकी 3 वर्षीय छोटी बहन सिया जाट भी शतरंज खेलती हैं और भौतिक के लिए निरंतर प्रेरणा बनी हुई हैं।




प्रवेश संवाद

चुप न रहें संवाद करें

#Digital Edition

डिजीटल मीडिया पार्टनर

बुन्देली halchal.com

सागर, सोमवार, 05 जनवरी 2026


### जिला कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर समूचे जिले के कार्यकर्ताओं ने किया जंगी प्रदर्शन

# इंदौर घटना : सड़कों पर घंटा वादन

### 50 से अधिक कांग्रेसियों को पुलिस ने हिरासत में लिया





**प्रवेश संवाद छतरपुर**

रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी के आहवान पर समूचे जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इंदौर हादसे में जंगी प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों ने छत्रसाल चौराहे से लेकर आकाशवाणी तिराहे तक रैली निकाली और इंदौर हादसे में मुख्यमंत्री मोहन यादव और कैलाश विजय वर्गीय मंत्री के मुर्दाबाद नारे लगाए। पुलिस को सुरक्षा यातायात व्यवस्था बहाल करने के लिए 50 से अधिक कांग्रेसियों को हिरासत



**पूर्व विधायक को लिया हिरासत में** : जंगी प्रदर्शन में पुलिस ने कांग्रेस को रैली नहीं निकलने दी। जिसके विरोध में पूर्व विधायक नीरज दक्षित सहित कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क पर धरने पर बैठ गए। इस कारण पुलिस ने सबसे पहले नीरज दीक्षित को हिरासत में लिया। काफी देर तक पुलिस की गिरफ्तारी पर कांग्रेसियों की झड़प हुई बाद में इन्हें थाने ले जाया गया।

**खतरों में डाली जान, पुलिस वाहनों पर चढ़े कार्यकर्ता** : इस प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसी पुलिस वाहन पर चढ़ गए। इसी हालत में ड्राइवर ने तकरीबन 100 मीटर गाड़ी चलाई। बाद में इन्हें बज्र वाहन से ले जाया गया। मगर इस दौरान धक्कामुक्की में किसी के ऊपर भी गाड़ी चढ़ सकती थी और कोई दुर्घटना भी हो सकती थी।

### प्रदर्शन में शामिल कार्यकर्ता

जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष गगन यादव, पूर्व विधायक नीरज दीक्षित, अनीस खान, आदित सिंह, टिंकू चौहान, दीपांशु यादव, दीप्ति पांडे, जीवंधर जडेजा सहित विभिन्न कांग्रेसी शामिल रहे।

### सफाई के नाम पर फर्जी बिल, गन्दगी की जस की तस

## स्वच्छता मिशन के तहत लाखों रुपए खर्च होने के बावजूद गंदगी का साम्राज्य

**प्रवेश संवाद हीरापुर**

जनपद पंचायत शाहगढ़ की ग्राम पंचायत खटौरा कलां में गंदगी की समस्या एक बड़ी समस्या है। यहां के रहवासियों ने शिकायत की है कि ग्राम पंचायत द्वारा कूड़ा घर निर्माण के नाम पर कई जगहों पर कूड़ाघर आधे-अधूरे बनाकर भुगतान कर दिया गया है, लेकिन गंदगी की समस्या अभी भी बनी हुई है। आपको बता दे मेन बस स्टैंड खटौरा कलां में इस कदर घरों से निकला कचरा पड़ा हुया है जिससे यहां भारी बदबू फैल रही और यहां के रहवासियों ने बीमारी का खतरा बना हुया है यहां इस बदबू बाले कचरे की बजह से भारी मच्छर पनप रहा है यहां डेंगू जैसे जान लेवा मच्छर है जिससे आय दिन लोग बीमार बने हुए है। स्वच्छता मिशन के तहत लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद गंदगी का साम्राज्य बना हुआ है, जो भ्रष्टाचार की गंभीरता को उजागर करता है। ग्राम पंचायत खटौरा कलां के सरपंच बीर सिंह लोधी सचिव मुन्ना लाल पुरोहित के द्वारा फर्जी सफाई के बिल लगाकर लाखों की राशि निकाली जा चुकी है लेकिन गदंगी जस की तस बनी हुई है।ग्रामीणों कई बार सीएम हेल्पलाइन पर शिकायतें की है लेकिन प्रशासनिक अधिकारी भी संतुष्ट रिपोर्ट देकर मामले को दबा देते है।

### इनका कहना है

आपने अवगत कराया है में अभी जनपद सीईओ को बोलता हूं जल्द सफाई कराई जाएगी।

\- नवीन सिंह ठाकुर एसडीएम शाहगढ़



# बुंदेलखंड गौशाला विवाद ने पकड़ा तूल: पुलिस पहुंची मौके पर, 500 गायों को नहीं मिला प्रवेश

**प्रवेश संवाद, नौगांव**

नौगांव शहर के पास स्थित जिले की सबसे बड़ी बुंदेलखंड गौशाला को लेकर रविवार शाम बड़ा विवाद खड़ा हो गया। स्थिति को देखते हुए मौके पर पुलिस बल भी पहुंच गया। मामला 84 एकड़ भूमि वाली गौशाला में आवारा गायों को प्रवेश न देने से जुड़ा है, जिससे किसानों में भारी आक्रोश देखने को मिला। जानकारी के अनुसार इस पूरे मामले में छतरपुर विधायक ललिता यादव ने अपने विधानसभा क्षेत्र की आवारा गायों को गौशाला में रखने के लिए बुंदेलखंड गौशाला के अध्यक्ष संजू पाठक से फोन पर चर्चा की थी। इसके बाद सलैया, सुकवा और कीरतपुरा क्षेत्र के दर्जनों किसान करीब 400 से 500 गायों को हांकते हुए बुंदेलखंड गौशाला लेकर पहुंचे।





गायों को लेकर पहुंचे किसानों का कहना है कि रविवार शाम वे घंटों तक गौशाला परिसर के बाहर खड़े रहे, लेकिन इसके बावजूद गायों को अंदर प्रवेश नहीं दिया गया। जैसे ही गायें गौशाला पहुंचीं, प्रबंधक संजू पाठक ने यह कहकर उन्हें अंदर लेने से इनकार कर दिया कि गौशाला में इतनी बड़ी संख्या में गायों के रहने और चारे-पानी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। उनका यह भी कहना था कि बीते दिनों लगभग एक सैकड़ा गायों को पहले ही गौशाला के अंदर किया जा चुका है। गौशाला प्रबंधन की ओर से यह तर्क भी सामने आया कि गौशाला के पीछे की ओर पक्की बाउंड्रीवाल नहीं है, केवल तार फेंसिंग लगी हुई है। इसी कारण पूर्व में रखी गई कुछ गायों ने तार फेंसिंग तोड़ दी थी और तिदनी व नन्हींमऊ गांव के खेतों में पहुंचकर फसलों को नुकसान पहुंचाया था। इस घटना के बाद तिदनी और नन्हींमऊ गांव के किसान गौशाला में और गायें रखने को लेकर विरोध जता रहे हैं। इसी विरोध और सुरक्षा कारणों के चलते नई गायों को गौशाला में नहीं लिया जा सका। विवाद बढ़ने पर मौके पर पुलिस बल पहुंचा और स्थिति को संभाला। प्रशासनिक स्तर पर भी मामला संज्ञान में लिया गया। जानकारी लगने पर तहसीलदार रमेश कौल ने गौशाला अध्यक्ष संजू पाठक से फोन पर बात कर स्पष्ट रूप से कहा कि गौशाला की बाउंड्रीवाल का निर्माण जल्द से जल्द कराया जाए, ताकि गायों के बाहर निकलने और किसानों की फसल को नुकसान पहुंचने की समस्या का स्थायी समाधान हो सके। किसानों का कहना है कि 84 एकड़ भूमि होने के बावजूद यदि गौशाला में गायों को रखने की समुचित व्यवस्था नहीं है तो यह गंभीर लापरवाही है। उन्होंने जिला प्रशासन से बुंदेलखंड गौशाला की व्यवस्थाओं की निष्पक्ष जांच कराने, बाउंड्रीवाल और चारा-पानी की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है। किसानों का कहना है कि जब तक गौशालाओं की व्यवस्था दुरुस्त नहीं होगी, तब तक आवारा मवेशियों से फसलों को बचाना मुश्किल रहेगा।

# चंद्रनगर में बस पलटी, एक दर्जन यात्री घायल







**प्रवेश संवाद, छतरपुर.**

खजुराहो रेलवे स्टेशन से पन्ना जा रही प्राची कोच बस चंद्रनगर के पास पलट गई। इस हादसे में दो दर्जन यात्री घायल हुए जिन्हें नजदीकी अस्पताल भेजा गया है। बस क्रमांक Mp 35 P 0239 है जो अचानक अनियंत्रित होकर पलटी। घायल यात्रियों को बमीठा एवं चंद्रनगर स्वस्थ केंद्र भेजा गया। बमीठा टीआई आशुतोष श्रोत्रीय पुलिस बल के साथ घटनाओ स्थल पर मौजूद रहे जिन्होंने यात्रियों को तत्काल इलाज के लिए भेजा।

# गौरव सिंह बघेल की पहल, खजुराहो होगा और सुरक्षित

**प्रवेश संवाद, छतरपुर.**

अंतरराष्ट्रीय पर्यटन नगरी खजुराहो में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण पहल की गई। भारतीय जनता पार्टी खजुराहो मंडल अध्यक्ष गौरव सिंह बघेल द्वारा एसडीओपी खजुराहो मनमोहन सिंह बघेल को ज्ञापन सौंपकर नगर के प्रमुख चौराहों एवं संवेदनशील स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जाने की मांग की गई।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि खजुराहो एक अंतरराष्ट्रीय पर्यटन केंद्र है, जहाँ प्रतिदिन देश-विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। ऐसे में नगर की सुरक्षा व्यवस्था का मजबूत और सतर्क होना अत्यंत आवश्यक है। वर्तमान में




कुछ क्षेत्रों में कैमरे लगे हैं, लेकिन कई महत्वपूर्ण स्थान अभी भी निगरानी से वंचित हैं, जिसका लाभ असामाजिक तत्व उठा सकते हैं। ज्ञापन में विशेष रूप से दूल्हादेव चौराहा, पहिल वाटिका तिराहा एवं पायल तिराहा जैसे अन्य जगहों को सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बताया गया है। इन स्थानों पर उच्च गुणवत्ता के हाईटेक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने से अपराध नियंत्रण, निगरानी व्यवस्था एवं कानून-व्यवस्था को और मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर गौरव सिंह बघेल ने कहा कि "खजुराहो की पहचान पर्यटन क्षेत्र से जुड़ी है। पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है। हाईटेक सीसीटीवी कैमरे लगने से अपराध पर अंकुश लगेगा और पुलिस प्रशासन को भी निगरानी में सुविधा मिलेगी।" एसडीओपी खजुराहो मनमोहन सिंह बघेल ने ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही इन स्थानों पर हाईटेक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ करने की बात कही।

# बजरंग सेना नगर अध्यक्ष बने करन सिंह परमार, विधानसभा अध्यक्ष प्रवीण द्विवेदी

**प्रवेश संवाद, बड़ामलहरा.**

बजरंग सेना संगठन को नगर स्तर पर और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से संगठनात्मक नियुक्तियां की गई हैं। इसी क्रम में करन सिंह परमार को बजरंग सेना नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं प्रवीण द्विवेदी को बजरंग सेना विधानसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति की घोषणा के बाद संगठन के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा गया। संगठन पदाधिकारियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि वे धर्म, राष्ट्र और हिंदू समाज की सेवा में सक्रिय भूमिका निभाएंगे तथा संगठन को नई दिशा और मजबूती प्रदान करेंगे। नवनियुक्त नगर अध्यक्ष करन सिंह परमार और विधानसभा अध्यक्ष प्रवीण द्विवेदी ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करेंगे तथा युवाओं को संगठन से जोड़कर हिंदू समाज की एकता के लिए कार्य करेंगे। इस अवसर पर बजरंग सेना के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों का संबल बनी सार्थक प्रयास समिति

## नए वर्ष की शुरुआत कंबल वितरण से

**प्रवेश संवाद, छतरपुर.**

इन दिनों शीतलहर और घने कोहरे ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर रखा है। सुबह-शाम चल रही बर्फीली हवाओं और गिरते तापमान के बीच गरीब व जरूरतमंद वर्ग के लिए ठंड से बचाव एक बड़ी चुनौती बन गई है। ऐसे समय में सार्थक प्रयास समिति द्वारा किए जा रहे मानवीय प्रयास समाज के लिए प्रेरणास्रोत बन रहे हैं। भीषण ठंड को देखते हुए सार्थक प्रयास समिति के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र जैन के द्वारा हनुमान टोरिया मंदिर परिसर में आयोजित नेत्र परीक्षण शिविर की दूसरी सिफ्ट में जाने वाले तथा निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चिन्हित 50 नेत्र रोगियों को कंबल वितरित किए गए। समिति का यह प्रयास न केवल ठंड से राहत देने वाला रहा, बल्कि पीड़ित मानवता के प्रति संवेदनशील सोच को भी दर्शाता है। समिति के पंकज जैन ने बताया कि प्रकाश चंद्र जैन सार्थक प्रयास के माध्यम से पिछले 7 वर्षों से लगातार जरूरतमंदों के बीच कंबल, गर्म टोपा, इनर सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं का वितरण करते आ रहे



हैं, उनके द्वारा समिति के सहयोग से शहर के विभिन्न स्थानों पर जाकर निर्धन परिवारों को ठंड से बचाव की सामग्री उपलब्ध करायी जाती हैं। इस अवसर पर समाजसेवी शंकरलाल सोनी, बुंदेली लोकगीत गायिका कविता शर्मा, समाज सेवी गिरजा पाटकर, विपिन अवस्थी, पंकज जैन, मनोज खत्री, मिश्रीलाल अग्रवाल, गिरीश शर्मा, अवधेश द्विवेदी सहित अनेक समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सार्थक प्रयास समिति द्वारा नव वर्ष पर किया गया यह कार्य समाजसेवा की दिशा में एक सकारात्मक और प्रेरक संदेश देता है।